RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 127 • 20:05:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## हरियाणा के कैथल में भाजपा अध्यक्ष जेपी नडडा की रैली

- बोले-मोदी ने राजनीति की संस्कृति बदली, कहा-ईमानदार पार्टी के 3-3 नेता जेल में



**कैथल (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में न केवल हरियाणा या देश ही नहीं, बल्कि भारत की राजनीति की संस्कृति बदल गई है और काम काज का तरीका बदल गया है। देश में आज जवाबदेही की राजनीति है। उन्होंने विपक्ष के गठबंधन को घमंडिया गठबंधन बताया। इस मौके पर सीएम नायब सैनी भी उनके साथ रहे। नड्डा रविवार को कैथल में चंदाना गेट पर भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

## मोदी को 400 सीटें दीजिए, 'यूसीसी' लेकर आएंगे !

- देश से खल्लास हो जाएंगी मुल्ला पैदा करने वाली दुकानें

**सीवान (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि अगर एनडीए 400 सीटों के साथ सत्ता में लौटता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली



सरकार समान नागरिक संहिता लेकर आएगा। इसके साथ ही मुस्लिमों में चार बार शादी करने के व्यवसाय को समाप्त कर देगा। उन्होंने मदरसों की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा कि हम मुल्ला पैदा करने वाली दुकानें बंद कर देंगे और मुस्लिम आरक्षण खत्म कर देंगे। असम के मुख्यमंत्री ने शनिवार को सीवान के रघुनाथपुर में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, मोदी को 400 सीटें दीजिए, समान नागरिक संहिता आएगी और हम चार शादी करने का दुकान का यह धंधा बंद कर देंगे।

## पीएम के भाषण से 400 पार और मोदी की गारंटी गायब

- कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

**पटना (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने रविवार को पटना के सदाकत आश्रम में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। जयराम रमेश ने कहा कि 369 सीटों पर अभी तक चुनाव हो चुका है। 19



अप्रैल और 27 अप्रैल के चुनाव के बाद दक्षिण भारत में बीजेपी साफ हो गई है। वहीं, अन्य जगहों पर हाफ हो चुकी है। 4 जून को इंडिया गठबंधन के साथियों को स्पष्ट और साफ जनादेश मिल जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ताओं से और लोगों से मिले फीडबैक के अनुसार इस बार कोई लहर नहीं है यह साफ हो चुका है। किसान वंचित वर्गों युवाओं में बीजेपी को लेकर नाराजगी काफी है।

# अब सीआईएसएफ के हाथों में संसद भवन की सुरक्षा

### हो गए आदेश, 10 साल बाद हुई सीआरपीएफ की विदाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद की सुरक्षा के लिए समर्पित पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) को तैनात करने, इसकी योजना बनाने और उन्हें प्रशिक्षित करने में लगभग 13 साल लग गए लेकिन 10 साल के बाद ही इसे भंग कर दिया। 2013 से संसद भवन की सुरक्षा कर रहे लगभग 1,400 जवानों की ड्यूटी का शुक्रवार को आखिरी दिन था। अब संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों के मजबूत कंधों पर है। 2023 में संसद भवन की सुरक्षा में हुई चूक के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) अनीश दयाल सिंह और अन्य सुरक्षा विशेषज्ञों के नेतृत्व में संसद में सुरक्षा चूक की जांच की गई, जिसमें संसद भवन की सुरक्षा के पुनर्गठन की सिफारिश की गई थी। एक रिपोर्ट में नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अधिकारी के हवाले से कहा, हम बहुत लंबे समय से संसद भवन की सुरक्षा कर रहे हैं। पांच महीनों के भीतर, सब कुछ बदतर हो गया और जवानों को अपने ड्यूटी को छोड़ने और नए कार्यों की तलाश करने के लिए कहा गया। उन्होंने आगे कहा, पिछले साल की सुरक्षा चूक की जांच करने वाली समिति की अध्यक्षता डीजी सीआरपीएफ ने की थी। अब सीआईएसएफ इमारत की सुरक्षा करेगी। सूत्रों ने बताया कि लगभग 150 से अधिक सैनिकों के साथ सीआईएसएफ अब संसद भवन में तैनात है।



# भ्रष्टाचारियों के बंगले-गाड़ियां बिकवाएंगे, ये मोदी की गारंटी

### पीएम मोदी बोले-टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट के पाप एक जैसे, इसलिए इंडिया गठबंधन बनाया

**बिष्णुपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहे। उन्होंने बिष्णुपुर और पुरुलिया में जनसभाएं कीं। पुरुलिया में पीएम ने पहले रोड शो किया था। बिष्णुपुर में पीएम ने कहा कि टीएमसी हो, कांग्रेस या लेफ्ट हो, ये तीनों पार्टियां अलग-अलग दिखती हैं, लेकिन उनके पाप एक जैसे ही हैं। इसलिए इन्होंने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि इन्होंने (टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट) गरीब, मजदूर, एससी-एसटी, महिला को हमेशा नारे दिए। जहां भी इन्होंने सरकार चलाई, उन राज्यों को गरीब बनाकर छोड़ दिया। पश्चिम बंगाल इसका ताजा उदाहरण है। कभी दूसरे राज्यों के लोग रोजगार के लिए बंगाल आते थे, आज बांकुरा से पूरे बंगाल से काम के लिए पलायन कर रहे हैं। टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट का मॉडल विकास पर आधारित नहीं है। वे कुशासन, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और वंशवादी राजनीति (परिवारवाद) के मॉडल पर काम करते हैं।





## आगरा में आईटी का छापा 60 करोड़ कैश मिले

- जूता कारोबारी ने बेड-गद्दों में छिपाए थे नोट, 10 मशीनों से हुई गिनती



**आगरा (एजेंसी)।** आगरा में 3 जूता कारोबारियों के यहां इनकम टैक्स की टीम ने छापा मारा। एक कारोबारी के घर से 60 करोड़ रुपए के नोट बरामद हुए हैं। ये नोट बेड, गद्दों और आलमारी में छिपाकर रखे थे। इसकी तस्वीर भी सामने आई। इसमें दिख रहा है, बेड पर नोटों की गड्डियां रखी हैं। जमीन पर रखे बैग भी नोटों से भरे हैं। इनकम टैक्स टीम हरमिलाप ट्रेडर्स के मालिक रामनाथ डंग के घर और ऑफिस पहुंचीं। सर्च किया, तो उनके घर में बेड और गद्दों में नोट के बंडल मिले।

# अबकी झूमकर बरसेंगे बदरा

### लग जाएगी 'बारिश' की झड़ी

### अंडमान-निकोबार पहुंचा मानसून, 31 मई तक पहुंचेगा केरल

### एमपी में 16 से 21 जून तो राजस्थान में 25 जून के बाद दस्तक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून अंडमान-निकोबार पहुंच गया है। 31 मई तक यह केरल पहुंच जाएगा। पिछले साल भी मानसून ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में 19 मई को ही दस्तक दी थी, लेकिन केरल में 9 दिन देरी से 8 जून को पहुंचा था। इस साल मानसून सामान्य तारीख से पहले ही केरल में दस्तक दे सकता है। वैसे केरल में मानसून आने की सामान्य तारीख 1 जून है। घोषित तारीख में 4 दिन कम या ज्यादा होने की गुंजाइश रखी गई है। यानी मानसून 28 मई से 3 जून के बीच कभी भी आ सकता है। आईएमडी के अनुसार, मानसून के मध्य प्रदेश में 16 से 21 जून और राजस्थान में 25 जून से 6 जुलाई तक पहुंचने के आसार हैं। वहीं यूपी में 18 से 25 जून और बिहार-झारखंड में 18 जून तक पहुंच जाएगा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 150 साल में मानसून के केरल पहुंचने की तारीखें काफी अलग रही हैं। 1918 में मानसून सबसे पहले 11 मई को केरल पहुंच गया था, जबकि 1972 में सबसे देरी से 18 जून को केरल पहुंचा था।



बीते चार साल की बात करें तो 2020 में मानसून 1 जून को, 2021 में 3 जून को, 2022 में 29 मई को और 2023 में 8 जून को केरल पहुंचा था। क्लाइमेट (जलवायु) के दो पैटर्न होते हैं, अल नीनो और ला नीना। पिछले साल अल-नीनो सक्रिय था, जबकि इस बार अल-नीनो परिस्थितियां इसी हफ्ते खत्म हुई हैं और संभावना बन रही है कि तीन से पांच हफ्तों में ला-नीना परिस्थितियां पैदा हो जाएंगी। पिछले साल अल-नीनो के समय सामान्य से कम 94 फीसदी बारिश हुई थी। 2020 से 2022 के दौरान ला-नीना ट्रिपल डिप के दौरान 109, 99 व 106 फीसदी बारिश हुई थी। पिछले महीने आईएमडी ने बताया था कि देश में इस साल सामान्य से बेहतर मानसून रहेगा।

# स्वाति मालीवाल केस में फिर सीएम हाउस पहुंची दिल्ली पुलिस

### सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर कलेक्ट किए, 5 दिन की रिमांड पर बिभव कुमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एएपी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट केस की जांच के लिए दिल्ली पुलिस रविवार दोपहर सीएम हाउस पहुंची। वहां से पुलिस ने मारपीट के समय के सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर कलेक्ट किए। मारपीट के आरोपी और सीएम अरविंद केजरीवाल के पर्सनल असिस्टेंट बिभव कुमार को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। बिभव को सीएम हाउस से ही शनिवार शाम 4.30 बजे गिरफ्तार किया गया था। देर रात उन्हें तीस हजारी कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली पुलिस ने बिभव की 7 दिन की कस्टडी मांगी थी। पुलिस की ओर से एडवोकेट अतुल श्रीवास्तव ने बिभव की कस्टडी पर दलीलें दीं। बिभव को 23 मई को अदालत में पेश किया जाएगा। बिभव की गिरफ्तारी के बाद मालीवाल ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा कि बिभव ने उन्हें थप्पड़ और लातें मारीं। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि बिभव ने 13 मई को सीएम हाउस में मारपीट और बदसलूकी की। उनके कपड़े तक फट गए थे। स्वाति ने 16 मई को शाम 6.15 बजे एफआईआर करवाई थी।



### केजरीवाल बोले- पीएम ने ऑपरेशन झाड़ू लॉन्च किया

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एएपी सांसदों, विधायकों और नेताओं के साथ भाजपा हेडक्वार्टर पर प्रदर्शन के लिए मार्च किया। वे दोपहर 12 बजे आम आदमी पार्टी (एएपी) के ऑफिस पहुंचे और आधे घंटे बाद पार्टी नेताओं के साथ 800 मीटर दूर भाजपा हेडक्वार्टर की ओर कूच कर गए। हालांकि प्रदर्शन किसी बड़े नेता की गिरफ्तारी के बिना करीब 1.30 बजे खत्म हो गया। पुलिस ने कुछ एएपी समर्थकों को हिरासत में लिया, जिन्हें कुछ देर बाद छोड़ दिया गया। पुलिस ने प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। भाजपा ऑफिस के बाहर धारा 144 लगा दी गई थी। साथ ही आने-जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई थी। अरविंद केजरीवाल ने 18 मई को स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपी अपने पीए बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद वीडियो जारी कर भाजपा हेडक्वार्टर पर प्रदर्शन की घोषणा की थी। उन्होंने आज कहा- भाजपा ने हमें खत्म करने के लिए तीन प्लान बनाए हैं, पहला- चुनाव बाद पार्टी के अकाउंट फ्रीज किए जाएंगे। दूसरा- पार्टी के बड़े नेताओं को गिरफ्तार किया जाएगा। तीसरा- पार्टी दफ्तर खाली कराया जाएगा। उधर एएपी के प्रदर्शन के बीच स्वाति मालीवाल ने पोस्ट किया।

## मनन कुमार मिश्रा ने कहा दुनिया में मोदी का डंका बोल रहा है



**चाणक्य भूमि बेतिया**

बेतिया के एक निजी होटल में प्रेस को संबोधित करते हुए भाजपा नेता मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि आज पूरी दुनिया मे मोदी के नाम का डंका बज रहा है। पाकिस्तान की हिम्मत नहीं है कि आंखें दिखा दें। यह सब पिछले दस साल के मोदी के नेतृत्व में शासनकाल का ही नतीजा है। देश को आगे और विकसित देखना चाहते है तो मोदी के नेतृत्व में सरकार जरुरी है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष संविधान को बदलने की बात कह देशवासियों को बरगला रहा है। लेकिन क्या पिछले दस साल में संविधान को कहीं से भी कोई आंच भाजपा सरकार ने पहुंचाया है।कांग्रेस की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन गरीबी हटी नहीं। लेकिन भाजपा सरकार में देश में कोई भूखों नही मरता। पहले लोग गैस के लिए लाईन लगते थे। लेकिन आज कोई लाइन नहीं लगता। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक तारकेश्वर ठाकुर, भाजपा नेता राकेश ठाकुर, अमरेंद्र वर्मा, संदीप कुमार श्रीवास्तव, धनरंजन कुमार गुड्डू समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# देश के 8 राज्यों की 49 सीटों पर वोटिंग आज

### लोकसभा चुनाव का पांचवां चरण: राजनाथ, स्मृति समेत 9 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री मैदान में, राहुल रायबरेली से भी लड़ रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल सोमवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 32, शिवसेना ने 7, टीएमसी ने 4 सीटें जीती थीं। कांग्रेस केवल यूपी की रायबरेली सीट जीत पाई थी। अन्य को 5 सीटें मिली थीं। इस फेज में राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल समेत 9 केंद्रीय मंत्री मैदान में हैं। रायबरेली से वायनाड सांसद राहुल गांधी भी चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पांचवें फेज में 695 कैंडीडेट्स मैदान में हैं। इनमें 613 पुरुष और 82 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 12 फीसदी हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) के मुताबिक, इस फेज के 615 उम्मीदवारों में से 23 फीसदी यानी 159 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 227 यानी 33 पीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। केवल एक उम्मीदवार ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी उत्तर प्रदेश की झांसी सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग शर्मा हैं। उनके पास 212 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हो गया है। 20 मई तक कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा।



### 159 चुनावी कैंडीडेट्स पर हत्या किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 159 कैंडीडेट ऐसे हैं, जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें से 3 उम्मीदवारों को किसी न किसी मामले में दोषी ठहराया गया है। 4 उम्मीदवारों पर हत्या और 28 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 29 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। एक उम्मीदवार के खिलाफ दुष्कर्म से जुड़ा मामला दर्ज है। वहीं, 10 कैंडीडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इलेक्शन के पांचवें चरण में 695 उम्मीदवारों में से 227 यानी 33 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। कैंडीडेट्स के पास औसत संपत्ति 3.56 करोड़ रुपए है। सबसे ज्यादा भाजपा के 36 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे अमीर प्रत्याशी यूपी की झांसी से भाजपा उम्मीदवार अनुराग शर्मा हैं।

## सऊदी अरब को परमाणु हथियार बनाने से रोकेगा अमेरिका

- बदले में देगा नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी, ईरान के खिलाफ सऊदी को साधने की कोशिश

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने रविवार को अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच सिक्योरिटी अकॉर्ड और सिविल न्यूक्लियर एग्रीमेंट पर चर्चा हुई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, समझौतों के तहत अमेरिका सऊदी अरब को सुरक्षा और परमाणु सहायता देगा। दरअसल, पिछले साल इजराइल और सऊदी अरब के बीच डिप्लोमैटिक रिश्ते शुरू करवाने के लिए अमेरिका बैकडोर बातचीत कर रहा था।



## संक्षिप्त समाचार

### पटना में लड़की को 4 घंटे तक बनाया बंधक

**पटना।** पटना में आई फोन के चक्कर में एक लड़की को कुछ लोगों ने जबरन गाड़ी में बिठा लिया। लड़की बैंक में काम करती है। बैंक का काम खत्म कर जैसे ही लड़की दिनकर गोलंबर पहुंची। कार सवार एक लड़की और दो लड़कों ने जबरदस्ती लड़की को खीच कर गाड़ी में बिठा लिया। तीनों ने मिल कर लड़की का आईफोन छीन लिया और सीम निकाल कर वापस दे दिया। लगभग 4 घंटों तक लड़की को उधर-उधर घुमाने के बाद दिनकर गोलंबर पर लड़की को रात के 10 बजे उतार कर फरार हो गए। युवती के भाई प्रियांशु ने अज्ञात युवती और दो युवकों के खिलाफ कदमकुआं थाना में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्रियांशु ने बताया कि मेरी बहन जिस बैंक में काम करती है। उसी के बाहर एक शुक्रवार को एक लड़की से मेरी बहन टकरा गई। इससे सामने वाली लड़की का आई फोन गिर गया और उसका स्क्रीन टूट गया। मेरी बहन का भी आई फोन गिरा लेकिन वो बच गया। इसके बाद दूसरी लड़की लड़ने लगी। कहने लगी फोन का पैसा दो। नही तो अंजाम बहुत बुरा होगा। मेरी बहन ने मना कर दिया। बैंक के बाकी कर्मी बाहर आ गए और मामला शांत करा दिया। वहीं, लड़की शनिवार की शाम गाड़ी से दो लोगों के साथ दिनकर गोलंबर के पास खड़ी थी। जैसे ही मेरी बहन बैंक से निकल कर वहां पहुंची। उन लोगों ने जबरदस्ती धक्का देकर गाड़ी में बिठा लिया। बदमाशों ने मेरे बहन से उस फोन को बनवाने को कहा। बदमाश मेरी बहन को मौर्या कॉम्प्लेक्स ले कर गए। लेकिन दुकानदार ने फोन नहीं बनने लायक है। यह बोल कर वापस कर दिया। बदमाशों ने मुझे कॉल किया और कहा कि तुम्हारी बहन ने मेरा फोन तोड़ा है। 70 हजार का फोन था। उतना दे दो और अपनी बहन को ले जाओ। इसके बाद बदमाशों ने मेरी बहन का फोन छीन लिया और फरार हो गए। फिर मेरी बहन जैसे तैसे घर आई। इसके बाद मामला दर्ज कराया गया है। प्रियांशु ने बताया कि अब बदमाश उनके परिजनों को फोन कर अभी भी पैसे की मांग कर रहे हैं।

### IADVL का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल

**पटना।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट्स, वेनेरोलॉजिस्ट्स एंड लेप्रोलॉजिस्ट्स (IADVL) ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 24 घंटे में त्वचा विज्ञान रोग जागरूकता के लिए सबसे अधिक संकल्पों का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। यह रिकॉर्ड स्थापना अभियान 5-6 मई 2024 को हुआ। इसने देशभर के डॉक्टरों से अद्भुत 9405 संकल्प जुटाए। आधिकारिक घोषणा 18 मई, 2024 को दिल्ली स्थित IADVL मुख्यालय में की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. मंजूनाथ शेनॉय, मान. सचिव जनरल डॉ. भूमेश कुमार कटकम, डॉ. राजीव शर्मा, अध्यक्ष निर्वाचित, डॉ. विजय जवार, तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष, डॉ. कविथा एसबी, कोषाध्यक्ष और डॉ. विकास शंकर, संयुक्त सचिव उपस्थित थे। डॉ. मंजूनाथ शेनॉय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कहा कि हम इस गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को प्राप्त करने पर बहुत उत्साहित हैं। यह मील का पत्थर ना केवल हमारे सदस्यों और हमारे भागीदारों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि त्वचा विज्ञान स्वास्थ्य के वैश्विक जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। डॉ. भूमेश कुमार कटकम ने कहा कि हमारा लक्ष्य त्वचा स्वास्थ्य जागरूकता की लहर पैदा करना था, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य में योगदान करेगा। जबरदस्त प्रतिक्रिया दिखाती है कि लोग सीखने और योगदान करने के लिए उत्सुक हैं। हम उन सभी के आभारी हैं जिन्होंने संकल्प लिया और इस पहल का समर्थन किया। अभियान ने एक बहुआयामी दृष्टिकोण का उपयोग किया। जिसमें डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और IADVL वेबसाइट, डिजिटल फॉरेंसिक्स, जागरूकता भागीदार और राष्ट्रीय और राज्य पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी शामिल थी।



### पटना में गो तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, गाड़ी से दर्जनों गोवंश बरामद

**पटना।** पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में पुलिस ने एक गो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गाड़ी से दर्जनों गोवंश बरामद हुआ है। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सड़क जामकर जमकर प्रदर्शन किया। घटनास्थल पर थानेदार के नहीं आने पर प्रदर्शनकारी भड़क गए। किसी तरह समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया गया। घंटों मशक्कत के बाद सड़क जाम खुलवाया। जानकारी के मुताबिक गो तस्करों की वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। फिलहाल वाहन को जब्त कर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गौवंश कहां से लाया जा रहा था। इस धंधे में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस बिंदु पर चालक से पूछताछ की जा रही है।



### गंगा किनारे मिला युवक का शव, पॉकेट में रखे मोबाइल से नंबर निकाल परिजनों को दी गई सूचना

**पटना।** गंगा में बह कर आए एक युवक का शव गंगा तट से रविवार को नदी थाना पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस को ईंट-भट्टा में काम करने वाले मजदूरों से सूचना मिली थी कि मोजीपुर स्थित एक ईंट भट्टा के पीछे गंगा नदी किनारे किसी युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर नदी थानाध्यक्ष राजू कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव की तलाशी ली गई तो उसके पॉकेट में एक मोबाइल और पर्स था। पर्स में उसका आधार कार्ड भी था। आधार कार्ड से ही उसकी पहचान नवादा के गोंदापुर स्थित गोला रोड निवासी बासुदेव प्रसाद का 38 वर्षीय पुत्र गोपाल कुमार के रूप में हुई है। वहीं मृतक के पास से मिले मोबाइल फोन से सिम निकाल कर दूसरे मोबाइल में सिम लगाकर उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों को इसकी सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को थाने ले आई। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा।



### गंडक में डूबे किशोर का शव 24 घंटे बाद मिला

**हाजीपुर।** वैशाली के लालगंज थाना क्षेत्र के केशवपुर गंडक घाट पर परिजनों के साथ स्नान करने गए 9 वर्षीय किशोर गंडक नदी में डूब गया। परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के द्वारा उस बच्चों को गंडक नदी में काफी खोजबीन की गई। बच्चे को नहीं मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने संबंधित थाने के पुलिस अधिकारी और एसडीआरएफ की टीम को दिया। हालांकि सूचना पाकर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद गंडक नदी में डूबे किशोर किशोर को खोज निकाला। इसके बाद लालगंज थाने की पुलिस अधिकारी ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दी है और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक किशोर लालगंज थाना क्षेत्र के यूसुफपुर पंचायत के ताजपुर निवासी शंकर राय का 9 वर्षीय पुत्र अनुराग कुमार है जो नहाने के दौरान कल दिन में डूब गया था लेकिन 24 घंटे बाद एनडीआरएफ टीम के द्वारा आज पुनः शव को खोजबीन की गई जिसके बाद नदी के दूसरे किनारे पर उक्त बच्चे का शव पाया गया।



# पटना में हॉस्पिटल संचालक को सिर में मारी गोली

## पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, हालत गंभीर

एजेंसी, पटना।

पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक हॉस्पिटल संचालक को सिर में गोली मार दी है। यह घटना राजाबाजार के मछली गली में रविवार की सुबह हुई। संचालक हॉस्पिटल के बाहर खड़े थे। आनन-फानन में जख्मी गुड्डू कुमार सिंह उर्फ अविनाश आनंद को पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

**क्या बोले थानाध्यक्ष:** शास्त्री नगर थाना के थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया है कि मछली गली के आनंद हॉस्पिटल के संचालक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी है। सिर में गोली लगने से गुड्डू की हालत गंभीर है। पुलिस जांच में जुटी है। पटना के सिटी एसपी मध्य चंद्र प्रकाश ने बताया कि आज सुबह करीब 9 बजे शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के मछली गली में साई मंदिर के पास बाइक सवार तीन अपराधियों ने हॉस्पिटल संचालक अविनाश आनंद उर्फ गुडु सिंह को सिर में गोली मार दी। जिससे अविनाश बुरी तरह से घायल हो गए। जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। सिटी एसपी मध्य ने बताया कि कुछ दिन पहले साई मंदिर के पास एक खटाल को हटाया गया था। खटाल मालिक को शक था कि अविनाश ने ही नगर निगम से कह कर इस खटाल को हटाया था। जिसके बाद खटाल मालिक के कहने पर ही अविनाश को गोली मारने की सूचना मिल रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि अपराधियों का पता चल सके। पुलिस खटाल मालिक की तलाश कर रही है।



# छात्रा से छेड़खानी के आरोप में कोचिंग संचालक गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।

पटना के बुद्धा कालोनी थाना इलाके में एक टीचर पर छेड़खानी का आरोप लगा है। कोचिंग चलाने वाले शिक्षक ने शिक्षा के मंदिर को नापाक हरकतों से तार-तार कर दिया है। हालांकि छात्रा ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है। साथ ही पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

**आरोपी की हुई गिरफ्तारी:** वहीं, बुद्धा कालोनी थानाध्यक्ष ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि छात्रा की ओर से लिखित शिकायत दी गई है। आरएसएस कोचिंग संचालक राज चित्रकार मणि ने पढ़ाई के दौरान छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया है। इसके आधार पर आरोपी चित्रकार राज मणि को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**पहले के मामले में भी आरोपी:** जांच के दौरान पूर्व में भी एक छात्रा से छेड़खानी का मामला 2022 में बुद्धा कालोनी थाने में दर्ज है। उस मामले में चार्जशीट किया जा चुका है। इसके अलावा 2021 में शराब पीने के मामले में जेल जा चुका है। फिलहाल मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार शिक्षक चंडी थाना क्षेत्र के नालंदा जिला का है। कोचिंग में पढ़ने वाले कई छात्राओं के साथ गलत कर चुका है।



♦ पुलिस ने आरोपी शिक्षक को जेल भेजा, पहले से भी कई मामलों में है आरोपी

# मां के सामने बेटी से रेप, मारपीट जॉब के नाम पर बुलाया

एजेंसी, पटना।

राजधानी पटना में मां के सामने नाबालिग बेटी से रेप का मामला सामने आया है। मां का कहना है कि कंकड़बाग के दो युवकों ने जॉब देने के बहाने उसे बुलाया था। वो अपनी बेटी के साथ डुमरी रेलवे स्टेशन के पास गई। वहां पहले से वो दो लोग एक स्कॉर्पियो के पास खड़े थे। इसके साथ की गाड़ी के अंदर तीन और लोग बैठे हुए थे। उनलोगों ने जबरन गाड़ी में महिला और उसकी बच्ची को बैठा लिया। जिसके बाद दोनों के साथ मारपीट की गई। फिर बच्ची के साथ रेप किया गया। मारपीट से दोनों बुरी तरह घायल हो गई। वारदात के बाद आरोपियों ने मां-बेटी को शेखुपरा पुल के पास सड़क किनारे फेंक दिया और फरार हो गए। रविवार की सुबह मां और उसकी बच्ची दोनों बेहोश पड़ी हुई मिलीं। स्थानीय लोगों से मिली सूचना के बाद डायल-112 को दी गई, जिसके बाद नौबतपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को पटना एम्स में भर्ती कराया गया। बच्ची और मां का इलाज चल रहा है।

**जॉब के नाम पर वारदात हुई:** पुलिस का कहना है कि महिला ने इस संबंध में आवेदन दिया है। दानापुर के डीएसपी दीपक कुमार के मुताबिक, महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जॉब के नाम पर डुमरी रेलवे स्टेशन के पास बुलाया था, जहां 5 आरोपियों ने कार में बैठाकर पहले दोनों से मारपीट की फिर उसके सामने ही उसकी बेटी से दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मां और बेटी को शेखपुरा बांध के पास फेंककर भाग निकले।

**पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी:** फिलहाल पुलिस बच्ची का मेडिकल टेस्ट करवा रही है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जहां से मां-बेटी मिली हैं, वहां के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस खंगाल रही है।



♦ गाड़ी में वारदात, सड़क पर बेहोश मिलीं दोनों

# आयुष हत्याकांड में CWC समेत कई टीम जांच में जुटी, परिजनों से भी मुलाकात

## CWC के अफसर बोले- परिजनों को जल्द न्याय मिलेगा

एजेंसी, पटना।

आयुष हत्याकांड मामले में बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण जिला बाल इकाई और बचपन बचाव आंदोलन की टीम एक्टिव हो गई है। पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई को लेकर पदाधिकारी से रिपोर्ट की मांग की है।

**न्याय का भरोसा दिलाया गया:** वहीं, CWC (बाल कल्याण समिति) के पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार ओझा ने बताया कि शिक्षा के मंदिर में हुए चार वर्षीय आयुष के हत्यारों को बख्शा नहीं जाएगा। स्कूल के लाइसेंस को भी रद्द करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही शर्मसार करने वाली घटना में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस एंगल पर भी जांच शुरू कर दी गई है। घटना की जांच करने बाल कल्याण समिति के सदस्य सतेन्द्र कुमार ओझा, पिंकी कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रभाकर रंजन, सामाजिक कार्यकर्ता जिला बाल इकाई, बचपन बचाव आंदोलन की टीम शनिवार को मासूम आयुष के घर पहुंची। परिजनों से घंटों पूछताछ की गई। न्याय दिलाने के लिए परिजनों को भरोसा दिलाया।

**दीघा थाने पहुंची CWC की टीम:** CWC की टीम दीघा थाने भी पहुंची। सीसीटीवी फुटेज को भी गंभीरता से लिया है। कट किए गए वीडियो के साथ पुलिस की ओर से मामला दर्ज किया गया है। अन्य जांच रिपोर्ट की मांग की गई है। गिरफ्त में आए स्कूल के प्राचार्य वीणा झा उर्फ पुतुल झा और संचालक धनराज झा के अलावा इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसकी भी रिपोर्ट की मांग की गई है। फिलहाल मामले की जांच पुलिस के अलावा अन्य विभाग भी कर रहा है। जांच के बाद स्कूल पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

**क्या है मामला:** दीघा थाना क्षेत्र के बाटा गंज स्थित टीनी टॉट एकेडमी स्कूल में शुक्रवार को चार वर्षीय आयुष का शव स्कूल के क्लास रूम के अंदर बने गटर से परिजनों ने बरामद किया गया था। शव को गटर में देख परिजनों में आक्रोश बढ़ा। स्कूल में तोड़फोड़ के साथ आग लगा दी गई। आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम कर घटना में शामिल लोगों को फांसी देने की मांग करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी चंद्र प्रकाश समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटना के बाद पुलिस ने स्कूल के प्राचार्य वीणा झा उर्फ पुतुल झा और संचालक धनराज झा की गिरफ्तारी की थी। दोनों रिश्ते में मां-बेटे हैं। दोनों को जेल भेजा जा रहा है।



## हेलिकॉप्टर में मछली-संतरा पार्टी के बाद तेजस्वी-सहनी की चुनावी चर्चा

# नेता प्रतिपक्ष बोले- 300 से ज्यादा सीटें जीतेंगे

एजेंसी, पटना।

हेलिकॉप्टर में पहले मछली पार्टी, फिर ऑरेंज पार्टी के वीडियो के बाद अब बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने रविवार को एक नया वीडियो शेयर किया है। वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी से बातचीत का तेजस्वी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल X पर शेयर किया है। इस वीडियो में वो और VIP प्रमुख मुकेश सहनी आपस में आगे होने वाली जनसभा, रोजगार, एनडीए को लेकर लोगों में नाराजगी जैसे मुद्दे पर बातचीत कर रहे हैं। वीडियो में तेजस्वी कह रहे हैं कि पीएम मोदी की बातों से जनता ऊब चुकी है। उनका भाषण पकाऊ और थकाऊ है। जनता खुद उन्हें हटाना चाहती है। इस दौरान तेजस्वी दावा कर रहे है कि इंडिया गठबंधन को इस बार 300 से अधिक सीटें आएंगी। तेजस्वी यादव कहते हैं कि आज 7 कार्यक्रम है। अभी हम लोग तीसरे कार्यक्रम में जा रहे हैं। अभी तक हम लोग 180 के आसपास कार्यक्रम कर चुके हैं। अब तक हो चुकी जनसभाओं में इस बार महिला की संख्या काफी अधिक है। नौजवानों में पूरा उत्साह है। बता दें इससे पहले तेजस्वी और सहनी ने हेलिकॉप्टर में लंच में चेचरा मछली और रोटी खाते हुए वीडियो शेयर किया था। इसके कुछ दिन बाद हेलिकॉप्टर में ऑरेंज पार्टी का भी वीडियो शेयर किया था।

**हमारे काम पर लोगों को भरोसा है-तेजस्वी:** तेजस्वी ने कहा कि 17 महीने में हमने जो काम किया है, उससे लोगों को भरोसा हो चुका है। इस बार जनता आगे-आगे है। वह भाजपा को हटाना चाहती है। नफरत बहुत ही ज्यादा हो गया है। इनलोगों का एजेंडा ही लड़वाना, दंगा फसाद है। तेजस्वी ने कहा कि यह सब ज्यादा दिन नहीं चलता है। 40 से 45 डिग्री टेंपरेचर है। इसके बाद भी जो जनसभाओं में भीड़ देखने को मिल रही है, लोग बैरिकेडिंग तक तोड़ दे रहे है।

**नौजवानों का मूड बदल रहा है-सहनी:** मुकेश सहनी ने कहा कि नौजवानों का मूड पूरा बदला हुआ है। चाहे वह रोजगार को लेकर हो। हमने जो महिलाओं को 1 लाख देने का वादा किया है। उसके कारण जनसभा महिलाओं की संख्या अधिक है। तेजस्वी यादव आगे कहते हैं कि जो हम लोगों ने जो 17 महीने काम किया। उससे लोगों को विश्वास हो गया। केंद्र सरकार से लोग ऊब चुका है, वही पकाऊ भाषण वो लोग देते रहते है। अब लोग नया और परिवर्तन चाहता है। इसी पर मुकेश सहनी ने कहा कि हम हाथ जोड़कर मोदी जी को कहते हैं कि पहले जो कहते थे कि रोजगार देंगे। इसी पर भाषण दीजिए। नॉर्थ ईस्ट साउथ में यह लोग है नहीं... उत्तर प्रदेश में भी जो रिपोर्ट आ रहा है उसमें यह पीछे दिख रहे हैं।

**35-40 सीट यूपी में बीजेपी को मिलेगी:** मुकेश सहनी ने आगे कहा कल एक रिपोर्ट आई है। इसमें 35 से 40 सीट बीजेपी को मैक्सिमम मिलने जा रहा है। तेजस्वी यादव इसी पर कहते हैं कि जो लोग कहते थे कि चुनाव वन साइड है। मेरी कई लोगों से बातचीत हुई है। वहां पर लड़ाई अब कांटे की हो गई है। आप देखिएगा कि इंडिया गठबंधन को 300 से ज्यादा सीटें आएंगी।



**पीएम से उब चुकी है जनता**

# 14 जिलों में लू का ऑरेंज, 16 में यलो अलर्ट

एजेंसी, पटना।

मौसम विभाग ने बिहार के 14 जिलों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में लखीसराय, बेगूसराय, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, गया, भोजपुर, रोहतास, कैमूर और बक्सर शामिल है। वहीं, प्रदेश के 14 जिलों में लू को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है. जिन जिलों में लू का अलर्ट है उनमें पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा, सहरसा, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार शामिल है। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान 44.8 डिग्री के साथ बक्सर सबसे गर्म जिला रहा। राजधानी पटना समेत कई जिलों का तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**आज कैसा रहेगा मौसम:** मौसम विभाग के अनुसार आज दोपहर 12 से 3 बजे के बीच 40 किमी/घंटे की रफ्तार से गर्म हवा चलने की संभावना है। विभाग ने इस दौरान घर से न निकलने की अपील की है।



♦ 45 डिग्री के करीब पहुंचा बक्सर का पारा, बिहार में गर्मी से फिलहाल राहत नहीं

# गंगा में पलटी नाव, दो लोग लापता

एजेंसी, पटना।

पटना में रविवार को लोगों से भरी एक नाव गंगा में पलट गई। नाव पर 12 लोग सवार थे। इनमें से 10 लोग हादसे के बाद तैरकर नदी के किनारे पहुंच गए। जबकि दो लोग अब भी लापता है। घटना मनेर थाना क्षेत्र के दियारा क्षेत्र की है। नाव पर बैठे लोग सब्जी और घास लाद अपने घर लौट रहे थे और इसी बीच यह हादसा हुआ। दरवेशपुर के किसान महावीर टोला घाट के सामने दियारा में सब्जी की खेती कर रखी है। रविवार को सब्जी तोड़कर नाव पर लाद बेचने के लिए ला रहे थे। नदी में तेज बहाव के कारण नाव पलट गई और डूब गई। हादसे में लापता लोगों की पहचान 59 वर्षीय बिजेंद्र कुमार राय और 34 वर्षीय रणवीर कुमार के रूप में की गई है। दोनों मनेर थाना के गौरैयास्थान नागा टोली निवासी है। वहां मौजूद लोगों ने इस बात की सूचना मनेर पुलिस को दी। सूचना पाकर मनेर पुलिस मौके पर पहुंच एसडीआरएफ की टीम को सूचित किया। सूचना पाकर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच लापता दोनों व्यक्तियों की खोजबीन में जुट गई है। वहीं, मनेर थानाध्यक्ष सुनील कुमार भगत ने बताया कि महावीर टोला घाट पर सब्जी लदी नाव गंगा में डूब गई है। नाव पर 12 लोग सवार थे। इसमें दो लोग अभी तक लापता है। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच दोनों की खोजबीन में जुट गई है।



♦ सब्जी और घास लोड कर नाव से लौट रहे थे 12 लोग, हादसे के बाद 10 तैर कर निकले बाहर

## जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर निशाना साधा, कहा-

# पीएम के भाषण से 400 पार और मोदी की गारंटी गायब

एजेंसी, पटना।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने रविवार को पटना के सदाकत आश्रम में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। जयराम रमेश ने कहा कि 369 सीटों पर अभी तक चुनाव हो चुका है। 19 अप्रैल और 27 अप्रैल के चुनाव के बाद दक्षिण भारत में बीजेपी साफ हो गई है। वहीं, अन्य जगहों पर हाफ हो चुकी है। 4 जून को इंडिया गठबंधन के साथियों को स्पष्ट और साफ जनादेश मिल जाएगा।

**पीएम के भाव और बोलचाल में परिवर्तन:** उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ताओं से और लोगों से मिले फीडबैक के अनुसार इस बार कोई लहर नहीं है या साफ हो चुका है। किसान वंचित वर्गों युवाओं में बीजेपी को लेकर नाराजगी काफी है। 19 अप्रैल के बाद प्रधानमंत्री के बोलचाल और भाव में परिवर्तन हो चुके हैं। 19 अप्रैल के बाद प्रधानमंत्री हिंदू-मुस्लिम का नाम लेकर चुनाव सभा को संबोधित कर रहे हैं। वहीं, बौखलाहट के कारण प्रधानमंत्री देश में सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश में लगे हुए हैं। 19 अप्रैल के बाद मोदी की गारंटी गायब हो चुकी है। 27 अप्रैल को 400 पार की बात गायब हो चुकी है। मंच पर खड़े मोदी को जमीनी स्तर पर असलियत क्या है। वह पता चल चुका है। देश में गरीब लोगों को 5 किलो अनाज सरकार दे रही है। हमारी सरकार बनने पर यह 10 किलो कर दी जाएगी। जहां पर हमारी सरकार है, उन जगहों पर हमारी कही हुई बातों को लागू किया गया है। यह आप लोग देख सकते है।

**पीएम से सवाल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मेरा सीधा सवाल है कि तीन चरण बाकी है। 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान अपनाया गया था। 400 पार का लक्ष्य संविधान को बदलने और हटाने के लिए है। शुरुआत में ही आरएसएस ने संविधान का विरोध किया था। बीजेपी मनुवादी संविधान के हितैषी है। उन्होंने आगे कहा कि 1949 से ही आरएसएस का एजेंडा रहा है। यह संविधान का समय हो चुका है, नया संविधान आना चाहिए। प्रधानमंत्री से यह भी सवाल किया है कि जातीय जनगणना पर वह अपना स्पष्टीकरण दें कि वह इसके पक्ष में है भी या नहीं। आरक्षण में 50% की जो सीमा है सुप्रीम कोर्ट ने इस सीमा को निर्धारित किया था। क्या इस सीमा को प्रधानमंत्री हटाकर और बढ़ाएंगे। तमिलनाडु मात्र एक राज्य है जहां पर आरक्षण 69% है। कांग्रेस ने कहा है हम एससी एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा 50% से बढ़ाएंगे।

**लालू प्रसाद के बयान पर क्या बोले:** उन्होंने लालू प्रसाद यादव के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव ने मुस्लिम समाज को आरक्षण देने की बात कही थी। हम जाति के आधार पर आरक्षण देने के पक्षधर नहीं है। संविधान में जो नियम बना हुआ है। उसके अनुसार ही आरक्षण देना सही है। बीजेपी ने धर्म के नाम पर नागरिकता देना संविधान के खिलाफ है जिसे भाजपा ने किया है। आरक्षण सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन होने पर ही दिया जा सकता है। लालू प्रसाद के आरक्षण धर्म के आधार पर देने के बयान से कांग्रेस ने अपने आप को अलग किया।



# बिहार में शिक्षकों की और बढ़ेगी संख्या, नीतीश ने युवाओं को दे दी खुशखबरी



**सिवान, एजेंसी।** सिवान के बड़कागांव में सीएम नीतीश कुमार ने रैली को संबोधित करते हुए इंडी गहठबंधन पर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने एनडीए से जदयू प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की। सीएम नीतीश ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग कभी जातीय जनगणना नहीं करा सकते हैं।

सीएम नीतीश कुमार ने 400 का आंकड़ा पार करने की अपील की। उन्होंने बिहार में हुए जातीय जनगणना को अपने सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए लोगों से पूछा कि कांग्रेसिया कभी जातीय जनगणना करा सकता है क्या? उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से जदयू प्रत्याशी को वोट करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जब मैं महागठबंधन के साथ था तो कांग्रेस जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं थी। जब मैं फिर एनडीए गठबंधन के साथ हूं तो कांग्रेस जातीय जनगणना का राग अलाप रहा है। ये लोग कभी जातीय जनगणना नहीं करा सकते हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देशरत्न की धरती से जंगल राज का सफाया करने की उपलब्धि गिनायी। उन्होंने आधी आबादी को आरक्षण और सात निश्चय योजनाओं के तहत किए गए कार्यों को लोगों से नहीं भूलने की अपील की।

उन्होंने कहा कि बिहार में सुशासन के साथ हर क्षेत्र में विकास हुआ है। लाखों युवक युवतियों को नौकरी मिली है। 2025 से पहले 10 लाख युवाओं को शिक्षक बनाया जाएगा। अन्य क्षेत्रों में रोजगार का सृजन होगा।

## कितनी सीटें जीत रहा इंडी गठबंधन? तेजस्वी यादव ने कर दिया साफ, सियासी हलचल तेज

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बीच पक्ष और विपक्ष में सीटों को लेकर दावेदारी खूब हो रही। एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर भाजपा के तमाम नेता 400 पार की बात कर रहे हैं तो अब विपक्ष की ओर से भी तीन सौ सीट जीतने का दावा किया गया है। यह दावा किसी और नेता ने नहीं, बल्कि बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने स्वयं किया।



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने और ओर एक्स पर लिखा कि खुशखबरी यह है कि आइएनडीआइए पूरे देश में 300 से अधिक सीटें जीत रहा है। देश की महान जनता जान चुकी है कि यह झूठ पर सच की जीत का चुनाव है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत चुनाव है।

तेजस्वी सिर्फ एक्स पर ही दावा करके नहीं रुके। उन्होंने अपनी एक चुनावी सभा मे पहुंचने के पहले वीआइपी संस्थापक मुकेश सहनी से भी हेलीकॉप्टर में अपने विचार साझा किए। तेजस्वी यादव और मुकेश साहनी एक हेलीकॉप्टर में बैठे हैं और दोनों के बीच बातचीत हो रही है। इस बातचीत में तेजस्वी यादव सनी को बता रहे हैं की चुनावी सभा में जो भीड़ आ रही है, वह यह संकेत दे रही है कि पब्लिक भाजपा के लोगों के भाषणों से पक चुकी है, थक चुकी है। इसलिए, वह बदलाव चाहती है।

उन्होंने सहनी से दावा किया कि लोग 400 सीट का दावा भले करें, सब हवा हवाई है। महागठबंधन क्यों उम्मीदवारों को देश भर में 300 से अधिक सीट मिल रही है।

उन्होंने कहा कि यह जुमलों का नहीं हकीकत का चुनाव है। यह ग्लोबल नहीं स्थानीय मुद्दों का चुनाव है। यह खास का नहीं, आम आदमी का चुनाव है। वे कहते हैं यह बेरोजगारी नहीं, बल्कि नौकरी का चुनाव है। यह भाजपा वालों के संविधान बदलने जैसे नापाक इरादे जैसे नौकरी, संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है।

## डूबती नाव की सवारी न करें अल्पसंख्यक, शाहनवाज हुसैन

पटना, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 में संविधान और आरक्षण जैसे मुद्दों पर जमकर चर्चा हुई। एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एक दूसरे पर संविधान और आरक्षण खत्म करने के आरोप लगाए। आरजेडी सुप्रीमो



लालू प्रसाद यादव ने मुसलमानों को आरक्षण दिए जाने की वाकलत करके चुनावी माहौल में सियासी तड़का लगा दिया। बीजेपी ने इसे हाथो हाथ लेते हुए आरजेडी को ओबीसी और दलित विरोधी व मुस्लिम परस्त साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने लालू के दांव की काट निकाली है। उन्होंने पीएम मोदी ही मुसलमानों के सच्चे हितैषी है। उन्होंने दावा किया है कि 2024 में देश में फिर से नरेन्द्र मोदी का पीएम बनना तय है। पूरे देश में मोदी की लहर नहीं बल्कि सुनामी चल रही है।

बिहार और केंद्र सरकारों में मंत्री रहे शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को नरेन्द्र मोदी को वोट देकर पीएम बनाने के मिशन पर काम करना चाहिए। डूबती नाव की सवारी करना अल्पसंख्यक समाज बंद करे। पूर्व मंत्री ने अपने बयान में भाजपा नेता ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को अब तक बहकाया और ठगा गया है। मोदी भाई जान ही अल्पसंख्यक समाज के सबसे बड़े हितैषी हैं। मोदी सरकार में किसी से भी कोई भेदभाव नहीं हुआ और आगे भी नहीं होगा। पांचवें चरण की वोटिंग के लिए प्रचार का समय खत्म होने से पूर्व सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का फिर से प्रधानमंत्री बनना देशहित में है और यह भी तय है कि नरेंद्र मोदी 400 पार सीटों से तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत होगी। इंडी गठबंधन का खाता भी नहीं खुलेगा। अल्पसंख्यक समाज को अपने वोट से यह सुनिश्चित करना होगा कि नई सरकार में उनकी भी पुरजोर भागीदारी हो।

## संक्षिप्त समाचार

### 10वीं का रिजल्ट आने के बाद दिघरा के दो छात्र लापता

**मुजफ्फरपुर।** सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट आने के बाद सदर थाना के दिघरा इलाके के दो छात्र लापता है। उनके परिजनों ने सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। छह दिन से गायब दोनों छात्रों के परिजन अनहोनी की आशंका से डरे हुए हैं। पुलिस दोनों के मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर सुराग ढूंढ़ रही है। दिघरा विशुनपुर चांद गांव के छात्र की मां ने पुलिस को बताया है कि बीते 13 मई की दोपहर एक बजे घर से मिठनपुरा स्थित कोचिंग के लिए निकला था। लेकिन, छह दिन बीत जाने के बाद भी उसका कोई ट्रेस नहीं मिल रहा है। सदर थानेदार अस्मित कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### कॉलेज में बिताये दिनों को याद कर भावुक हुईं छात्राएं

**मुजफ्फरपुर।** राजकीय महिला पोलीटेक्निक कॉलेज में शनिवार को छठे सेमेस्टर की छात्राओं को जूनियर छात्राओं ने फेयरवेल दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. वरुण कुमार राय और मुख्य अतिथि डॉ. मोनालिसा राय ने किया। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज से निकलने वाली छात्राओं का प्लेसमेंट हो चुका है। यह खुशी की बात है। डॉ. मोनालिसा ने कहा कि छात्राओं पर दोहरी जिम्मेदारी होती है। हमने आज कलछी से लेकर कम्प्यूटर तक का सफर पूरा किया है और हमें हमेशा इससे जुड़े रहने की आवश्यकता है। कार्यकम की शुरुआत में छात्रा श्रेया व रिया ने स्वागत गान पेश किया। काजल और स्नेहा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक गाना, डांस आदि की प्रस्तुति की गई। दूसरे सेमेस्टर की छात्रा मेघा, रानी, राजनन्दनी एवं स्वीटी द्वारा छात्र जीवन और परीक्षा पर की गई एक्टिंग की काफी सराहना की गई। छठे सेमेस्टर की छात्रा श्रेया, श्रुति, अपूर्वा, पल्लवी आदि संस्थान में बिताये अपने तीन वर्षों के अनुभव पर चर्चा करते हुए भावुक हो गईं। मंच संचालन आस्वी, काजल और निशिता ने किया। कार्यक्रम में प्रतिभा, खुशबू, शाम्भवी, जिज्ञासा, शिवानी, सलोनी, निशिता, काजल, स्नेहा, अदिति आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

### डिस्टिंग्यूस एलुमिनी अवार्ड के लिए बनी कमेटी

**मुजफ्फरपुर।** एमआईटी में डिस्टिंग्यूस एलुमिनी अवार्ड के लिए प्राचार्य प्रो. मिथिलेश कुमार झा ने चयन समिति बनाई है। चयन समित के अध्यक्ष एनआईटी दुर्गापुर के निदेशक प्रो. अरविंद कुमार चौबे बनाये गये हैं। इनके अलावा माता वैष्णो देवी विवि कटरा के कुलपति प्रो. प्रगति कुमार और बरौनी रिफाइनरी के प्लांट हेड सत्यप्रकाश शामिल हैं। कमेटी इस साल के लिए डिस्टिंग्यूस एलुमिनी का चयन करेगी, इसके बाद एमआईटी से उन्हें अवार्ड दिया जायेगा। रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ ने शनिवार को विभिन्न आरोपों के तहत 9 लोगों को गिरफ्तार किया। आरपीएफ ने बताया कि अप डीएमयू ट्रेन के महिला बोगी में अनाधिकृत रूप से सफर करने के आरोप में पांच यात्रियों को पकड़ा गया। जबकि लाइन क्रॉसिंग के आरोप में दो, स्टेशन पर अनाधिकृत प्रवेश के आरोप में एक को पकड़ा गया। सबों को आरपीएफ पोस्ट से उचित पहचान पर पीआर पे मुक्त करते निर्धारित तिथि पे रेलवे न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जबकि गंदगी फैलाने के आरोप में एक लोगों को कमर्शियल से फाइन कराके पोस्ट से छोड़ा गया।

### गया क्लब के कार्यकारिणी सदस्य राजन के निधन पर शोक

**गया।** गया क्लब के कार्यकारिणी सदस्य राजन सिन्हा के निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शुक्रवार को मेयर वीरेंद्र कुमार, पूर्व डिप्टी मेयर सह निगम के स्टैंडिंग सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने शोक व्यक्त करते हुए दुख जताया है। मेयर ने कहा कि राजन सिन्हा निधन अत्यंत दुःखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वाले में उदय श्रीवास्तव, संजू श्रीवास्तव, नवीन बिहारी, बिपिन सिन्हा, नवीन कुमार सिन्हा, कुमारी नीलम सिन्हा शिक्षिका सहित अन्य लोग शामिल हैं।

### बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**नवादा, एजेंसी।** पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली गांव में बच्चों के बीच विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इसमें एक युवक को गोली मारने और दो लोगों को लाठी से मार कर घायल करने की बात सामने आ रही है। फिलहाल तीनों घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल नवादा में चल रहा है। घायलों की पहचान सुनील कुमार सिंह, पंकज कुमार और उत्तम कुमार के रूप में की गई है। सुनील कुमार ने बताया कि शनिवार को सुबह में बच्चों के बीच थोड़ी सी मारपीट हुई थी। इसके बाद बातचीत करके सब कुछ सुलझा लिया गया था। वहीं अचानक रात होते ही बाइक पर चार से पांच की संख्या में लोग आए और मारपीट करने लगे। इस दौरान बदमाशों ने उत्तम कुमार के पैर में गोली मार दी। इसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय थाना को दी गई। थाना प्रभारी अजय कुमार दलबल के साथ गांव पहुंचे और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से गोली का खोखा फिलहाल बरामद नहीं किया गया है।

## महिला फाइनेंस कर्मी को बदमाशों ने मारी गोली

**मधेपुरा, एजेंसी।** मधेपुरा सदर प्रखंड कार्यालय के पास शनिवार की शाम बाइक सवार बदमाशों ने फाइनेंस कंपनी में कार्यरत एक महिला को गोली मार कर घायल कर दिया। घायल महिला की पहचान गम्हरिया थाना क्षेत्र के जीवछपुर निवासी विकास कुमार की पत्नी नेहा कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला मधेपुरा के राजपुर स्थित ग्रीन फील्ड माइक्रो फाइनांस कंपनी में काम करती है। शनिवार की शाम बाजार से घर लौटने के दौरान बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने पीछे से गर्दन के ऊपर गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। स्थानीय लोगों ने ही घायल महिला को जन नायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना अध्यक्ष विमलेंदु कुमार, एएसपी प्रवेंद्र भारती मेडिकल कॉलेज पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। एएसपी प्रवेंद्र भारती ने कहा कि अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने महिला को गोली मारकर घायल कर दिया है। फिलहाल महिला का इलाज कराया जा रहा है। जल्द ही सभी आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## पटना में लड़की को 4 घंटे तक बनाया बंधक

**पटना, एजेंसी।** पटना में आई फोन के चक्कर में एक लड़की को कुछ लोगों ने जबरन गाड़ी में बिठा लिया। लड़की बैंक में काम करती है। बैंक का काम खत्म कर जैसे ही लड़की दिनकर गोलंबर पहुंची। कार सवार एक लड़की और दो लड़कों ने जबरदस्ती लड़की को खीच कर गाड़ी में बिठा लिया। तीनों ने मिल कर लड़की का आईफोन छीन लिया और सीम निकाल कर वापस दे दिया। लगभग 4 घंटों तक लड़की को उधर-उधर घुमाने के बाद दिनकर गोलंबर पर लड़की को रात के 10 बजे उतार कर फरार हो गए।

युवती के भाई प्रियांशु ने अज्ञात युवती और दो युवकों के खिलाफ कदमकुआं थाना में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्रियांशु ने बताया कि मेरी बहन जिस बैंक में काम करती है। उसी के बाहर एक शुक्रवार को एक लड़की से मेरी बहन टकरा गई। इससे सामने वाली लड़की का आई फोन गिर गया और उसका स्क्रीन टूट गया। मेरी बहन का भी आई फोन गिरा लेकिन वो




बच गया। इसके बाद दूसरी लड़की लड़ने लगी। कहने लगी फोन का पैसा दो। नही तो अंजाम बहुत बुरा होगा। मेरी बहन ने मना कर दिया। बैंक के बाकी कर्मी बाहर आ गए और मामला शांत करा दिया। वहीं, लड़की शनिवार की शाम गाड़ी से दो लोगों के साथ दिनकर गोलंबर के पास खड़ी थी। जैसे ही मेरी बहन बैंक से निकल कर वहां पहुंची। उन लोगों ने जबरदस्ती धक्का देकर गाड़ी में बिठा लिया। बदमाशों ने मेरे बहन से उस फोन को बनवाने को कहा। बदमाश मेरी बहन को मौर्या कॉम्प्लेक्स ले कर गए। लेकिन दुकानदार ने फोन नहीं बनने लायक है। यह बोल कर वापस कर दिया। बदमाशों ने मुझे कॉल किया और कहा कि तुम्हारी बहन ने मेरा फोन तोड़ा है। 70 हजार का फोन था। उतना दे दो और अपनी बहन को ले जाओ। इसके बाद बदमाशों ने मेरी बहन का फोन छीन लिया और फरार हो गए। फिर मेरी बहन जैसे तैसे घर आई। इसके बाद मामला दर्ज कराया गया है। प्रियांशु ने बताया कि अब बदमाश उनके परिजनों को फोन कर अभी भी पैसे की मांग कर रहे हैं। एक लड़के से बात करने को लेकर था विवाद बैंक में काम करने वाले एक बैंककर्मी ने बताया कि आरोपी लड़की पहले फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। इसी सिलसिले में उसका बैंक में आना-जाना लगा रहता था। इसी बीच इन दोनों लड़कियों में दोस्ती हो गई। इसी बीच आरोपी लड़की के एक दोस्त रोहित से पीड़ित लड़की की बात चीत होने लगी। ये बात आरोपी लड़की को पसंद नही थी। इसी बात कर लेकर शुक्रवार को आरोपी लड़की पीड़ित लड़की से लड़ने आई थी।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत : गांव में बाइक से गिरकर हुआ था जख्मी

**समस्तीपुर, एजेंसी।** जिले के कल्याणपुर थाने के हजपूर्वा गांव में शनिवार दोपहर बाइक से गिरकर जख्मी युवक की मौत देर रात सदर अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई। मृतक युवक कल्याणपुर थाने के हजपूर्वा गांव के मुनेश्वर सदा का पुत्र विकेश सदा ( 20 ) है। घटना की सूचना पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस ने शव को जब्त कर देर रात प्रशासनिक आदेश पर पोस्टमॉर्टम कराया।

### कल्याणपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया था

मृतक के बड़े भाई जयकिशोर सदा ने बताया कि भाई दोपहर के वक्त गांव में ही बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान वह बाइक से गिरकर जख्मी हो गया था। हल्ला होने के बाद जुटे परिवार के लोगों ने उसे पहले कल्याणपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई। सदर अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची



कल्याणपुर थाने की पुलिस ने रात में ही शव का पंचनामा बनवाया। जिसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

### मामला दर्ज किया जा रहा

सदर डीएसपी-2 विजय कुमार महतो ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद पुलिस पदाधिकारी को सदर अस्पताल भेजा गया था। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम कराया गया है। घटना को लेकर एक मामला दर्ज किया जा रहा है।

## कहलगांव में छह घंटे तक बिजली कटौती से परेशानी

**कहलगांव,** भीषण गर्मी और उमस भरे मौसम में शनिवार को कहलगांव के भदेर पावर सबस्टेशन के 33000 पावर ब्रेकर की मरम्मत के लिए छह घंटे तक अघोषित विद्युत कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। भदेर पावर सबस्टेशन से संबंधित कहलगांव शहर, नंदलालपुर एक और दो, शिवनारायणपुर दो, एकचारी आदि फीडरों की बिजली दोपहर 1:30 बजे से शाम 7:30 तक बाधित रही। भीषण गर्मी में



अघोषित पावर कट से लोगों की परेशानी बढ़ गई।शहर के लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। भीषण गर्मी शुरू होते ही कहलगांव में सीएलडी का कहर शुरू हो गया है। एक पखवारे से मनमाने ठंग से विद्युत आपूर्ति में कटौती की जा रही है। पावर ग्रिड से पावर सबस्टेशन को पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति नहीं मिल रही है। कम आपूर्ति मिलने की बजह से लोड सेडिंग कर फीडरों में विद्युत आपूर्ति की जा रही है। फीडरों को रोटेशन के आधार पर आपूर्ति की जा रही है। विद्युत कटौती के चलते ग्रामीण इलाकों में अंधेरा छाया रहता है। बिजली विभाग के एसडीओ दीपक चौधरी ने बताया कि तीन दिन पहले 33000 का ब्रेकर डैमेज हो गया था। भागलपुर से टेक्नीशियन के आने के बाद मरम्मत कराई गई। इसलिए विद्युत आपूर्ति बाधित रही। वहीं उन्होंने बताया कि कहलगांव में 60 मेगावाट बिजली आपूर्ति की जरूरत है। दो दिनों से 30 मेगावाट की आपूर्ति हो रही है।

## पुलिस हिरासत में जीजा-साली की मौत मामले में एक्शन, थानाध्यक्ष समेत 4 निलंबित

**अररिया, एजेंसी।** अररिया के ताराबाड़ी थाने में पुलिस हिरासत में जीजा और नाबालिग साली की आत्महत्या के बाद शुक्रवार को हिंसक प्रदर्शन मामले में पुलिस की ओर से केस दर्ज करते हुए 400 से 500 अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया है। इनमें 30 लोगों को चिह्नित करते हुए 19 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य अभियुक्तों की पहचान की जा रही है।

प्रथमदृष्टया मामले में लापरवाही बरतने वाले थानाध्यक्ष रवि कुमार, ओडी पदाधिकारी देव नारायण पंडित एवं पहरेदारी पर प्रतिनियुक्त दो चौकीदारों को तत्काल प्रभाव से



निलंबित कर दिया गया है।

एसपी कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह मामला प्रेम संबंध से संबंधित है। प्रतीत होता है कि पुलिस अभिरक्षा में रखे गए अपहरण के आरोपित मिट्टू सिंह (21) एवं नाबालिग अपहृता ने क्रमशः पुलिस हाजत एवं सिरिस्ता में फांसी लगा ली। यह घटनाक्रम थाना हाजत एवं सिरिस्ता में लगे सीसीटीवी में रिकार्ड एवं संरक्षित है। घटना को लेकर आक्रोशित लोगों द्वारा ताराबाड़ी थाना पर पथराव एवं अवैध अग्नेयाशास्त्र से दर्जनों राउंड फायरिंग की गई। थाना परिसर में फूस से बने आगंतुक कक्ष में आग लगा दी गई। तीन से चार सरकारी वाहनों को क्षतिग्रस्त किया गया।

घटनास्थल से पांच खोखा बरामद किया गया है। आक्रोशित भीड़ को हटाने के लिए पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ बल प्रयोग किया गया एवं पांच राउंड फायरिंग भी की गई। अररिया एसपी अमित रंजन ने बताया कि ताराबाड़ी थाना में हुए हिंसक प्रदर्शन मामले में 400 से 500 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया गया है। 30 लोगों को चिह्नित किया गया है, जबकि 19 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस की लापरवाही को लेकर थानाध्यक्ष समेत ओडी आफिसर और दो चौकीदार को निलंबित किया गया है। शव की जांच एफएसएल भागलपुर की टीम द्वारा कराए जाने के बाद सदर अस्पताल में न्यायिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराई गई।

अमित रंजन ने आगे बताया कि इस संदर्भ में ताराबाड़ी थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है। फरार लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# भाजपा के चाणक्य एनडीए उम्मीदवारों को जिताने की बात की

चाणक्य भूमि बेतिया



आज बेतिया के बड़ा रमना के मैदान मे अमित शाह ने चुनावी सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने एनडीए उम्मीदवारों को जिताने के लिए जनता से अपील की। अपने आधे घंटे के भाषण के दौरान जहां उन्होंने मोदी सरकार के कार्यो के बारे मे बताया वहीँ लगातार गठबंधन पर हमलावर रहे। पीओके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले कश्मीर में पथराव होता था, आज पीओके में पथराव हो रहा है। पहले आजादी के नारे यहां लगते थे, आज पीओके में लगते हैं। पहले यहां हड़तालें होती थीं, आज पाकिस्तान में हड़तालें होती हैं।

उन्होने लालू जी पर तंज करते हुये कहा कि मोदी जी ने 10 साल में 14 लाख 80 हजार करोड़ रुपया बिहार को दिया है। जबकि 10 साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार में सिर्फ 2 लाख 80 हजार करोड़ ही बिहार को मिला था। अमित शाह ने कहा कि इंडी गठबंधन में झूठ का व्यापार करने वाले लोग हैं। झूठ बोलकर, जनता को गुमराह करके राजनीति में विजय प्राप्त करना चाहते हैं।

आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि लोग अफवाह फैला रहे है कि मोदी जी 400 पार होंगे, तो आरक्षण हटा देंगे। इससे बड़ा कोई झूठ नहीं हो सकता। 10 साल से मोदी जी के पास बहुमत है, लेकिन मोदी जी ने आरक्षण को समाप्त नहीं किया। जब तब संसद में भाजपा का एक भी सांसद है, तब तक SC-ST-OBC के आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता।

अमित शाह ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा कि आप इतने दिनों तक बिहार के सीएम रहे, केंद्र में मंत्री रहें। इस दौरान क्या आपने कभी कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए प्रयास किया। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम पीएम मोदी ने किया है

कांग्रेस वाले अगर लोकसभा चुनाव जीत गए तो प्रधानमंत्री कौन होगा? ममता बनर्जी पीएम बनेंगी,

- **अमित शाह ने 400 पार के नारे पर बोलते हुए कहा कि चार चरण के चुनाव खत्म हो चुके है, कल पांचवें चरण का चुनाव है। चारों चरण के मतदान में एनडीए 270 का आंकड़ा पार कर चुका है**

अरविंद केजरीवाल को तो फिर से जेल जाना है। क्या राहुल गांधी पीएम बनेंगे? पाकिस्तान को गोली का जवाब गोली से कौन देगा। चंद्रमा पर चंद्रयान कौन भेजेगा। इनके पास कोई नेता नहीं है। अगर पीएम कोई बन सकता है तो वो नरेंद्र मोदी ही बन सकते है

POK के मसले पर बोलते हुए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 1 कहा, "PoK हमारा है या नहीं? कांग्रेस पार्टी के नेता मणिशंकर अय्यर और लालू यादव के साथी फारुक अब्दुल्ला कहते हैं पाकिस्तान के पास परमाणु बम है PoK की बात मत करो। हम भाजपा के कार्यकर्ता परमाणु बम से नहीं डरते हैं, यह मोदी की गारंटी है PoK भारत का है और रहेगा और इसे हम लेकर रहेंगे।"

# मुख्य सड़क हुआ अतिक्रमण का शिकार,सीओ को आवेदन




चाणक्य भुमि (योगापट्टी)

योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के नवलपुर में सड़क अतिक्रमण कर दुकान लगाने के मामले में स्थानीय मुखिया समेत ग्रामीणों ने योगापट्टी अंचलाधिकारी को एक लिखित आवेदन दिया है। दिए आवेदन में ग्रामीण तेरस यादव, बृजेश यादव, लखन पाल,विनोद बिन्द,बडु राम,लालबाबू यादव,मुखिया पति संतोष राम इत्यादि लोगों ने पदाधिकारी से बताया की ग्राम पंचायत राज नवलपुर के मुख्य सड़क पर दोनो बगल से दुकानदारों के द्वारा दुकान लगाकर जबरन सड़क अतिक्रमण किया गया है। जिससे हमेशा सड़क पर जाम लगा रहता है। इस सड़क फर प्रत्येक दिन हजारों गाडी- आता जाता है। सड़क अतिक्रमण होने से जान-माल का खतरा बना हुआ है। इसके पहले कई बार दुर्घटना भी होगया है। कुछ लोग रोड पर बास हल्लाकर दुकान भी बना लिये है। यह सड़क बेतिया-मनुवापुल मुख्य मार्ग को जोड़ती है। ईस सड़क पर उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार तक गाड़ियों का परिचालन होता है। योगापट्टी अंचलाधिकारी से दुरभाष के माध्यम से प्रतिक्रिया लेने के लिए सम्पर्क किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नही हो पाया जिससे उनकी प्रतिक्रया नही ली गई।

# पश्चिमी गंडक कैनाल में आज से डिस्चार्ज होगा 4000 क्यूसेक पानी

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनग

- **सिंचाई मंडल खंड गोरखपुर के अधीक्षण अभियंता ने की पानी की डिमांड**

अधीक्षण अभियंता गंडक सिंचाई कार्य मंडल गोरखपुर द्वारा शीर्ष कार्य प्रमंडल वाल्मीकिनगर कार्यपालक अभियंता को खरीफ फसल की सिंचाई हेतु 20 मई से मुख्य पश्चिमी कैनाल गंडक बराज में 4000 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को बताया है कि रोस्टर के अनुसार खरीफ फसल 1432 के सिंचाई हेतु नहरों में पानी का संचालन 20 मई से प्रस्तावित है। इसको ध्यान में रखते हुए पानी डिस्चार्ज किया जाए। इस बाबत गंडक बराज नियंत्रण कक्ष के सूत्रो ने बताया कि अधीक्षण अभियंता गोरखपुर मंडल के द्वारा जारी किए गए पत्र के आलोक में 20 मई सोमवार से मुख्य पश्चिमी कनाल में पानी का डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। खरीफ फसलों के सिंचाई हेतु, पूर्व से प्रस्तावित तिथि से यह निश्चित रूप से लागू होगा। फिलहाल पानी कम मात्रा में छोड़ा जाएगा। ताकि गर्मी के मौसम में नहरों के तटबंध में पड़ी दरारें नमी से भर जाए, इसके बाद धीरे-धीरे पानी की मात्रा बढ़ाई जाएगी।







# रक्सौल में ब्यवसाई के घर से 94.52लाख रुपए बरामद हवाला की उम्मीद

चाणक्यभूमि रक्सौल

रक्सौल में गुड़ ब्यापारी ध्रुप साह के घर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में भारतीय और नेपाली रुपयों को बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने रुपए गिनने की एक मशीन को भी जब्त किया है। बता दें कि सहायक पुलिस अधीक्षक सदर शिखर चौधरी के नेतृत्व में रक्सौल एस डी पी ओ धीरेन्द्र कुमार, इंस्पेक्टर सह रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा व जिला आसूचना इकाई के अधिकारियों की टीम ने रक्सौल नागा रोड स्थित उनके आवास पर छापेमारी की और यह सफलता मिली है।छापेमारी के दौरान कुल 94.52 लाख रुपए बरामद किए गए। इसमें 34 लाख 34 हजार 5 सौ व 60 लाख 18 हजार नेपाली रुपए शामिल है। यह छापेमारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में वीडियोग्राफी करते हुए की गई।इस रुपयों के सम्बन्ध में ध्रुप साह के द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका। इस संदर्भ में आयकर विभाग को पुलिस ने सूचित किया है और इसकी अग्रेतर जांच और कार्यवाही की जा रही है।रुपए हवाला कारोबार का बताया जाता है।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ऑफ टीचर्स वेलफेयर के नगर कमिटी की हुई बैठक

चाणक्य भूमि मोतिहारी



प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ऑफ टीचर्स वेलफेयर के नगर कमिटी मोतिहारी की एक अहम् बैठक के. डी .एम पब्लिक स्कूल मोतिहारी में संपन्न हुयी जिसमे प्राइवेट स्कूलों को भविष्य में आने वाली समस्याओं के निदान और उससे कैसे निपटा जाये साथ ही बच्चों में पढ़ाई के प्रति और कम्पटीटिव प्रतियोगिता के प्रति जिज्ञासा कैसे बढ़ाई जाय साथ ही नगर इकाई का विस्तार और विकाश संबंधी कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई बैठक की अध्यक्षता वरीय सदस्य एन. के. राही ने कि साथ ही जिलाध्यक्ष संतोष रौशन ने अपने संबोधन में कहा कि संघ के द्वारा आने वाले समय में एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया जाना है साथ ही कई महत्वपूर्ण कदम आने वाले समय में एसोसिएशन के द्वारा बच्चों के लिये उठाए जाएंगे I नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने सभी सदस्यों का स्वागत किया नगर सचिव वरुण कुमार पाण्डेय ने मंच का संचालन किया और बारी बारी से सभी सदस्यों ने अपना संबोधन दिया और प्रखंड स्तर पर संघ की मजबूती के लिये चार सदस्यी कमिटी के निर्माण पर बल दिया गया I इस अवसर पर एसोसिएशन संस्थापक सदस्य, अभय मिश्रा और जिला अध्यक्ष संतोष रौशन,जिला सचिव मृत्युंजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष दीना राही पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल गुप्ता प्रदेश सचिव राजीव रंजन कार्यकारी अध्यक्ष एन के राही वरीय सदस्य शिव किशोर सिंह ,पूणदेव पुनदेव यादव, नगर संयोजक धर्मेंद्र मिश्रा,कोषाध्यक्ष सतेंद्र सिंह,वरीय सदस्य कुमार इं कृष नंदन, मिथलेश श्रीवास्तव ,राजेश श्रीवास्तव, रौशन कुमार ,परशुराम जी, बालमीकि किशोर,एमैनुअल स्कुल से श्रवण मोहंती रूपेश कुमार, राजीव जी आदि कई संचालक साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ एन .के राही ने किया।




# दोस्तों को और अमीर व देश की जनता को और गरीब बना रहे हैं प्रधानमंत्री

चाणक्यभूमि बेतिया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने दोस्तों को और अमीर व देश की जनता को और गरीब बना रहे हैं। देश कंगाली की स्थिति में चला गया है ऐसे में लोग बदलाव के मुड़ में है । उक्त बातें इंडिया एलाएंस के पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी जी के चुनाव प्रचार प्रसार के लिए तुनिया बिशुनपुर,करगहिया आदि गांवों में जनसंपर्क के दौरान माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है। जनता बदलाव चाहती है। इसलिए चुनाव में मदन मोहन तिवारी की जीत पक्की है। माले नेता फरहान राजा ने कहा देश में संविधान लोकतंत्र आजादी कानून खतरे में है। ऐसे में लोग जाति, धर्म और वर्ग में भेदभाव किए बगैर लोग मतदान करने की बात कर रहे हैं। माले नेता सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार जनता के अरमानों का गला घोंटा है।न अच्छा दिन आया,न लोगों के पंद्रह पंद्रह लाख रुपए मिले, न युवाओं को दो करोड़ रोजगार मिला,न किसानों के आय दोगुनी हुई,न गरीबों का घर बना। ऐसे मे लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को धुल चटायेगी।

# गर्मी से बेहाल जंगल के राजा ने बदला अपना ठिकाना

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

भीषण गर्मी ने आम लोगों को ही नहीं, जंगल के राजा को भी बेहाल कर दिया है। भीषण गर्मी से परेशान वन्यजीव वाटर होल के आस पास घूमते नजर आ रहे हैं। वीटीआर के राजा ने भी अपना ठिकाना बदल दिया है। वीटीआर के गश्ती दल को वाटर होल के पास बाघ का मूवमेंट नजर आया है। बाघ वाटर होल के किनारे कभी पानी से प्यास बुझाता तो कभी छांव में लेटा हुआ नजर आता है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही गर्मी से बाघ का मूवमेंट लगातर वाटर होल के किनारे बना हुआ है। वहीं पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र वीटीआर बना हुआ है। दूरदराज से पर्यटक यहां पर बाघ देखने के लिए पहुंच रहे हैं।

बाघों की संख्या में भी इजाफा हुआ है वर्तमान में बाघों का कुनबा 54 के पार पहुंच गया है। वीटीआर में वन्यप्राणियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वन महकमा भी लगातार नजर बनाए हुए हैं। लगातार वनकर्मियो की टीम गश्त कर रही है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वनकर्मीयो की टीम वन्यप्राणियों की जानकारी जुटाती हैं।

छांव वाला स्थान तलाश रहे बाघ-गर्मी से बेहाल बाघ ने वाटर होल के किनारे अपना इलाका बना लिया है। बाघ के खौफ के कारण अन्य वन्यप्राणी रुख नहीं कर रहे हैं। गर्मी को मात देने के लिए बाघ छांव की जगह भी तलाश करता है। इसके साथ ही ठंडे स्थान पर आराम करता है। वीटीआर में बाघों में इलाके को लेकर कई बार संघर्ष हो चुका है माना जा रहा है कि अन्य बाघ की भी मौजूदगी यहां पर हो सकती है।

इस बाबत वाल्मीकिनगर रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि वनों में वाटर होल पर वन्यजीव आ रहे हैं। वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए गश्ती दलों की जिम्मेदारी बढ़ा दी गई है। वन विभाग का प्रयास है कि वन्य जीवों को पर्याप्त पानी वनों में ही मिल जाए। वन्यजीव बाहरी क्षेत्रों में पानी की तलाश में न जाएं। बताते चलें कि इस समय जल स्त्रोतों के पास बड़ी संख्या में वन्यजीव नजर आने लगे हैं। लेकिन वन्यजीवों के शिकार का खतरा भी चिंता बढ़ा रहा है। वे भोजन और पानी की तलाश में इस क्षेत्र का रुख कर रहे हैं। इस क्षेत्र में पहले कम संख्या में वन्य जीव दिखते थे। लेकिन अब अधिक संख्या में वन्यजीव दिखाई देने लगे हैं।







# तेजस्वी यादव ने लौरिया के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया

चाणक्य भूमि बेतिया



बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने लौरीया के चुनावी सभा में कहा कि देश में बदलाव होगा और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि सरकार बनते ही देश में एक करोड़ लोगों को रोजगार दिया जाएगा।उन्होंने महंगाई कम करने को लेकर कहा कि हमारी सरकार बनी तो 500 रुपये गैस सिलेंडर, मुफ्त राशन, 200 यूनिट मुफ्त बिजली और किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा।उन्होंने जनता से मोदी सरकार को कुर्सी से उखाड़ कर फेंकने को कहा।

लौरिया में साहू जैन स्टेडियम में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी हमारे बाल्मीकिनगर लोकसभा के राजद प्रत्याशी दीपक यादव को धमकी दे रहे हैं कि वो उन्हें जेल में डाल देंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि यह

- **वाल्मीकिनगर के राजद प्रत्याशी दीपक यादव और बेतिया से कॉग्रेस प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी के लिए उन्होंने प्रचार किया**

बीजेपी सरकार किस-किस को जेल में डालेगी , उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब दीपक यादव बीजेपी में थे तो मोदी जी उन्हें लेकर घूमते थे, बीजेपी का वह बड़ा-बड़ा कार्यक्रम करवाते थे उस समय दीपक यादव अच्छे थे और जैसे ही दीपक यादव राजद में शामिल हुए वह माफिया बन गए। उन्होंने कहा कि जो भी बीजेपी में रहता है, वह सही रहता है और राजद में शामिल होते ही बीजेपी वाले उसे बदनाम करना शुरू कर देते हैं और उन्हें माफिया बताने लगते हैं

तेजस्वी यादव ने "देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना चाहते हुए कहा कि 15 साल वह गुजरात के मुख्यमंत्री रहे. 10 साल देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें यह भी पता नहीं की जिले का कैपिटल नहीं होता है. इससे पता चलता है कि मोदी जी कैसे विश्व गुरु हैं." तेजस्वी यादव ने कहा कि इस बार पूरे देश में बदलाव हो रहा है और यह बदलाव होकर रहेगा. जनता भाजपा के झूठ को पकड़ चुकी है।इनके बहकावे में नहीं आने वाली है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714